रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 21 मार्च 2021, नई दिल्ली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO 10 : MIDDLE RIGHT

इंडियन रेलवे और हिमाचल प्रदेश पहुंचे फाइनल में

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

49वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में इंडियन रेलवे और हिमाचल प्रदेश ने प्रवेश कर लिया। उत्तर प्रदेश की टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। फाइनल मैच रविवार को स्टेडियम में दोपहर तीन बजे से खेला जाएगा।

शनिवार को चैंपियनशिप के चौथे दिन एसआरएमएस ग्राउंड पर क्वार्टर फाइनल और सेमी फाइनल मुकाबले खेले गए। पहले सेमीफाइनल में शानदार खेल दिखाते हुए इंडियन रेलवे ने यूपी को हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल हिमाचल प्रदेश और हरियाणा के बीच खेला गया। हिमाचल प्रदेश ने अपनी जीत के सिलसिले को बरकरार रखते हुए चौथी बार फाइनल में जगह बनाई।

इससे पहले इंडियन रेलवे ने बिहार को, उत्तर प्रदेश ने दिल्ली को, हरियाणा ने पंजाब को, हिमाचल प्रदेश ने राजस्थान हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शनिवार को मुख्य आतिथि एडिशनल कमिश्नर अरुण कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने आतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

तीसरे नंबर पर रही यूपी टीम को किया सम्मानित

यूपी के खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह और यूपी हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष एसएम बोबडे ने तीसरे नंबर पर रही यूपी टीम को पदक दिए। राष्ट्रीय ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष डॉ आनंदेश्वर पाण्डेय, जिला ओलंपिक संघ के जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता, चेयरमैन डॉ विनय खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष डॉ स्वतंत्र कुमार, धर्मेंद्र गुप्ता, राजा चावला, डॉ मनीष शर्मा, राजीव तनेजा, अभिमन्यु गुप्ता, मुकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।